मॉडल प्रश्न–पत्र–IV

कक्षा – बारहवीं

विषय – गृह विज्ञान

समय : 3 घण्टे **पूर्णांक : 100**

निर्देश– 1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

2. प्रश्न क्रमांक 1 बहुविकल्पीय प्रश्न है। इसमें तीन खण्ड है। इसके लिए कुल 15 अंक निर्धारित है।
3. प्रश्न क्रमांक 2 से 7 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 2 अंक निर्धारित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है।
4. प्रश्न क्रमांक 8 से 13 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 3 अंक निर्धारित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है।
5. प्रश्न क्रमांक 14 और 15 लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 4 अंक निर्धारित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है।
6. प्रश्न क्रमांक 16 और 17 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 5 अंक निर्धारित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है।
7. प्रश्न क्रमांक 18 और 19 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 6 अंक निर्धारित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 250 शब्द है।

प्रश्न 1. **(अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

(1) कार्यगत नीति है–

(अ) वफादारी (ब) आत्म सम्मान

(स) सत्यावादिता (द) नियमितता

(2) वृहद पोषक तत्व है–

(अ) वृहद गुण (ब) नियत मात्रा

(स) आँखों से देखा जा सके (द) अधिक मात्रा में आवश्यक पोषक तत्व

(3) विकारीय भोज्य पदार्थ को रेफ्रिजरेटर में स्टोर किया जा सकता है–

(अ) एक दिन (ब) एक सप्ताह तक

(स) सीमित समय तक (द) लम्बे समय तक

(4) बच्चा झूठ बोलता है क्यों कि वह–

(अ) ऊबा हुआ है (ब) असुरक्षित है

(स) ईर्ष्यालु है (द) ध्यान आकर्षित करना चाहता है

(5) लड़को में यौवन का पहला लक्षण है–

(अ) चेहरे पर बोलों का उगना (ब) स्वप्न दोष

(स) आवाज का भारीपन (द) जांघ क्षेत्र में बालों का उगना

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– (1 × 5 = 5)

(1) तन्तु वस्त्र की .... है।

(2) करघे से प्राप्त होने वाले खुरदुरे, मैले व धब्बे युक्त वस्त्र को .... कहते हैं।

(3) कैल्सियम की कमी से .... नामक बीमारी होती है।

(4) जब भोजन को गर्म सूर्य की किरणों के सामने रखकर पकाते हैं तो इसे .... कहते हैं।

(5) बचत को सुरक्षित करना .... कहलाता है।

(स) सत्य/असत्य बताइए– (1 × 5 = 5)

(1) धन अमानवीय साधन है।

(2) बिजली से न चलने वाले उपकरण हाथ से चलाये जा सकते हैं।

(3) हो सके तो रूम कूलर व पंखे सर्दियों में ही खरीदे।

(4) मध्य शैशवावस्था तक सभी हड्डियाँ बन जाती है।

(5) मंदबुद्धि बच्चों को खाना पकाना नहीं सिखाया जा सकता है।

प्रश्न 2. गृह विज्ञान विषय में संबंधित किन्हीं दो भ्रांतियों के विषय में लिखिए। (1+1)

प्रश्न 3. एकल परिवार के बच्चों में विकसित दो विशेषताएँ लिखिए। (1+1)

प्रश्न 4. एक आकर्षक एवं स्वादिष्ट भोजन के लिए कोई दो बिन्दु लिखिए। (1+1)

प्रश्न 5. छोटे पैमाने पर निवेश के क्या तरीके है। (1+1)

प्रश्न 6. ओजोन परत क्या है ? (2)

प्रश्न 7. रेशमी वस्त्र की दो विशेषताएँ लिखिए। (1+1)

प्रश्न 8. खाद्य परिरक्षित करने के तीन कारण बताइए। (1+1+1)

प्रश्न 9. घरेलू उपकरणों के चुनाव के समय ध्यान में रखे जाने वाले तीन कारकों को लिखिए। (1+1+1)

प्रश्न 10. किशोरावस्था की किन्हीं तीन समस्याओं को लिखिए। (1+1+1)

प्रश्न 11. बालश्रम की समस्या से निपटने के तरीके का विवरण लिखिए। (कोई तीन) (1+1+1)

प्रश्न 12. उत्पत्ति के आधार पर तन्तुओं का वर्गीकरण कीजिए। (1+1+1)

प्रश्न 13. जटिल सूत के प्रकार लिखिए। (1½+1½)

प्रश्न 14. सूक्ष्म जीवाणुओं के प्रभाव को विलम्बित करने के चार तरीके बताइए। (2+2)

अथवा

सब्जियों के पोषक तत्वों को क्षति से बचाने के चार उपाय लिखिए।

प्रश्न 15. सूक्ष्म जल परियोजना के चार लाभ बताइए। (1+1+1+1)

अथवा

ऊर्जा के गैर परम्परागत स्रोतों के उपयोग के चार लाभ लिखिए।

प्रश्न 16. संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए– (5)

(i) राष्ट्रीय प्रोफिलैक्सिस कार्यक्रम।

अथवा

राष्ट्रीय पोषण सम्बन्धी अनिमिया नियंत्रण कार्यक्रम।

प्रश्न 17. मध्य बाल्यावस्था का शारीरिक एवं गत्यात्मक विकास प्रारम्भिक वाल्यावस्था के विकास से किस प्रकार भिन्न है ? वर्णन कीजिए। (2½+2½ = 05)

अथवा

एक पाँच वर्षीय बालक के भाषा विकास एवं सामाजिक विकास मध्य वाल्यावस्था के विकास से किस प्रकार भिन्न है।

प्रश्न 18. निर्णय प्रक्रिया क्या है ? एवं निर्णय प्रक्रिया की सूची लिखिए। (2+4=06)

अथवा

कार्य क्षेत्र से आप क्या समझते हैं ? एवं कार्य क्षेत्र के लिए आवश्यक चार बिन्दुओं को लिखिए।

प्रश्न 19. निम्न परिसज्जाओं की व्याख्या कीजिये– (3+3=06)

(अ) मंजाई (ब) विरंजन।

अथवा

(अ) मर्सरीकरण (ब) सिकुड़न नियंत्रण।